महिलाओं ने रैली निकालकर दिया मतदाता जागरूकता का संदेश

भिलाईनगर/ 20 दिसंबर को होने वाले स्थानीय निकाय चुनाव में शत प्रतिशत मतदान के लिए आज से जागरूकता अभियान की शुरूआत की गई। भिलाई के सुपेला , आकाशगंगा, पाॅवरहाउस, सेक्टर 06 जैसे बड़े बाजार जहां लोगों की आवाजाही होती है वहां एनयूएलएम की महिलाएं हाथों में बैनर लेकर नारो के साथ चुनाव में निष्पक्ष मतदान करने की अपील किए। भिलाई निगम के जोन 01, जोन 02,03,04 और जोन 05 क्षेत्र में आज लोगों के बीच पहुंचकर स्वंय, अपने परिवार और रिश्तेदारों को मतदान को अपना नैतिक कर्तव्य बताते हुए मतदान करने जागरूकता संदेश दिया गया। एनयूएलएम के फनीण्द्र बोस ने बताया कि आगामी निकाय चुनाव जिसके लिए 20 दिसंबर को मतदान किया जाना है उसमें सौ फीसदी मतदान के लिए आज राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन की महिलाओं के समूह ने निगम क्षेत्र के अलग-अलग स्थानों पर बैनर पोस्टर के रैली निकालकर सभी को अनिवार्य रूप से मतदान करने जागरूक किए। रैली में जोन 01 क्षेत्र के आकाश गंगा , सब्जी मंडी, सुपेला बाजार व हार्डवेयर लाइन , इसी प्रकार जोन 02 में महाविद्यालयीन विद्यार्थियों के साथ चौक, चौराहा और काॅलेज के आस पास रैली निकाली गई तथा जोन 05 अंतर्गत सेक्टर 06 बी मार्केट और एचएससीएल काॅलोनी में नर हो या नारी मतदान करना है हम सबकी जिम्मेदारी, लोकतंत्र का मान करे शत प्रतिशत मतदान करे जैसे जागरूकता संदेश वाले नारो के साथ हर व्यक्ति के मतदान का महत्व को समझाते हुए मतदान तिथि को मत डालने की अपील किए। भिलाई निगम प्रशासन ने समस्त मतदाताओं से अपील किए है कि स्वच्छ मतदान लोकतंत्र की नींव है , निकाय चुनाव में सभी बढ़-चढ़कर हिस्सा ले। निर्वाचन हेतु निर्धारित आयु जो पूर्ण कर चुके हैं वें स्वय मतदान करें साथ ही अपने परिचितों, रिश्तेदारों को भी निर्वाचन में मत डालने के लिए जागरूक करे। हर एक वोट निर्वाचन में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करता है, सभी के मत का महत्व बहुमूल्य होता है।